# कानपुर से 70 हजार करोड़ के एमओयू

## प्रदेश में निवेश के लिए जिले के 400 उद्यमियों ने इन्वेस्टर्स समिट में की भागीदारी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** कानपुर के मर्चेंट चेंबर सभागार में रविवार को आयोजित जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट में 400 स्थानीय निवेशकों ने गर्मजोशी के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 70 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए गए। कार्यक्रम में यूपीसीडा, एमएसएमई, हैंडलूम निर्यात व अन्य सेक्टरवार नई योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2017 से 2022 में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है और अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। इस मौके पर सांसद सत्यदेव पचौरी ने उद्यमियों से कहा कि जो भी एमओयू साइन हुए हैं उनको जल्द से जल्द धरातल पर उतारें। कार्यक्रम में निदेशक डॉल्फिन ग्रुप, आनंद कंपनी ऑफ ग्रुप विश्वनाथ गुप्ता, चेयरमैन, एमडी एमकेयू मनोज गुप्ता, निदेशक लॉर्ड शिवा इंटरनेशनल के सुशील टकरू ने सरकार की योजनाओं की प्रशंसा की। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि कानपुर में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लैंड बैंक की व्यवस्था की जा रही है।




कानपुर में निवेशकों के साथ कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता व अन्य। संवाद

### एक लाख करोड़ तक पहुंचेगा आंकड़ा

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में निवेशकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अंतर्गत यूपीसीडा द्वारा 11819 करोड़ व एमएसएमई द्वारा 9229 करोड़ का निवेश कराया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य इन्वेस्टर्स समिट में जाते-जाते एक लाख करोड़ तक यह आंकड़ा पहुंचेगा।

- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में निवेश लाने के लिए बंगलुरू में रोड शो सोमवार को होगा। इसके लिए रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह व गिरीश चंद्र यादव समेत अन्य बंगलुरू के लिए रवाना हो गए हैं। यहां यह टीम 32 से अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उद्योगपतियों से भी मुलाकात करेगी।

## यीडा ने किए 76 हजार करोड़ के एमओयू

**लखनऊ।** युमना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने निवेशकों के साथ अब तक 76 हजार करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यीडा को सरकार ने 80 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया था। 46 एमओयू के जरिए 95 फीसदी लक्ष्य पूरा हो गया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यीडा को 20 जनवरी तक करीब 87 हजार करोड़ के निवेश 48 प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। ब्यूरो

## स्वीडन की कंपनी झांसी में बनाएगी तोप और मिसाइलें, दो हजार करोड़ का निवेश

**झांसी।** स्वीडन की कंपनी साब एबी रक्षा गलियारे के झांसी क्षेत्र में अपनी यूनिट की स्थापना करेगी। दो हजार करोड़ रुपये का निवेश कर कंपनी यहां हल्की तोप और मिसाइलें बनाएगी। उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने बताया कि इसके लिए स्वीडन की कंपनी साब एबी ने सरकार से करार किया है। 86 साल पुरानी यह कंपनी रक्षा उत्पाद बनाने का काम करती है। ब्यूरो